# मथुरा पुलिस

**दिनांक 16.07.2025** **प्रेस नोट** **थाना- कोतवाली**

## थाना कोतवाली पुलिस द्वारा घर में घुसकर चोरी करने वाले एक शातिर वांछित चोर को चोरी की गई 11 जोड़ी चांदी की पाजेब ( सफेद धातु) सहित किया गिरफ्तार।

थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15.07.2025 को मुखबिर की सूचना पर समय करीब 00.50 बजे लिंक रोड फ्लाई ओवर के नीचे रेलवे लाइन के पास चौकी क्षेत्र कृष्णानगर थाना कोतवाली जिला मथुरा से अभियुक्त जतिन कश्यप पुत्र नारायण सिह निवासी मनोज विहार कालौनी श्री जगन्नाथमन्दिर के पीछे जनपद मथुरा उम्र करीब 22 वर्ष को चोरी की 11 जोडी चांदी की पाजेब (सफेद धातु) सहित गिरफ्तार किया। अभियुक्त जतिन उपरोक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय से विधिक कार्यवाही की गई।

**घटना का संक्षिप्त विवरण :-** मुकद्दमा वादी की लिखित तहरीर पर दिनांक 13.07.2025 की रात्रि उसके घर से 27 कि0ग्रा0 चांदी की पाजेब (सफेद धातु) चोरी हो जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 431/2025 धारा 305(a) बी.एन.एस. अभियुक्त जतिन कश्यप पुत्र नारायण सिह निवासी मनोज विहार कालोनी श्री जगन्नाथ मन्दिर के पीछे थाना हाइवे जिला मथुरा के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। दौराने विवेचना अभियुक्तगण 1.राजा पुत्र पुरूषोत्तम निवासी लक्ष्मीनगर थाना कोतवाली जनपद मथुरा उम्र करीब 25 वर्ष व 2.विपिन उर्फ विप्पी पुत्र मुकेश निवासी लक्ष्मीनगर थाना कोतवाली जनपद मथुरा उम्र करीब 20 वर्ष के नाम प्रकाश में आये थे जिन्हे दिनांक 15.07.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तारशुदा वांछित अभियुक्त जतिन उपरोक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता: -**

जतिन कश्यप पुत्र नारायण सिह निवासी मनोज विहार कालौनी श्री जगन्नाथमन्दिर के पीछे जनपद मथुरा उम्र करीब 22 वर्ष।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त जतिन उपरोक्त की गिरफ्तारी  का स्थान व दिनांक :-</u>**

स्थान- लिंक रोड फ्लाई ओवर के नीचे रेलवे लाइन के पास पर चौकी क्षेत्र कृष्णानगर थाना कोतवाली जिला मथुरा,  दिनांक 16.07.2025 ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त जतिन उपरोक्त से बरामदगी का विवरण:-</u>**

चोरी की गई 11 जोड़ी चांदी की पाजेब (सफेद धातु)

**गिरफ्तार अभियुक्त जतिन उपरोक्त का आपराधिक इतिहास:-**

मु0अ0सं0 431/2025 धारा 305(a)/317(2) बी.एन.एस. थाना कोतवाली जिला मथुरा

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्यों के नाम:-</u>**

1.प्र0नि0 श्री देवपाल सिंह पुण्डीर थाना कोतवाली जिला मथुरा ।

2.उ0नि0 श्री कुशलपाल सिंह (चौकी प्रभारी कृष्णानगर) थाना कोतवाली, मथुरा

3.उ0नि0 श्री सुभाष चन्द्र थाना कोतवाली जिला मथुरा

4.है0का0 1721 महेन्द्र थाना कोतवाली जिला मथुरा

5.का0 476 धर्मेन्द्र कुमार थाना कोतवाली जिला मथुरा

